an>

Title: Need to expedite construction of four-laning of National Highway No. 59 from indore to Pitol in Madhya Pradesh.

श्रीमती सावित्री ठाकुर (धार)ः राष्ट्रीय राजमार्ग-59 के इंदौर से अहमदाबाद, गुजरात खण्ड का 4 लेन चौड़ीकरण कार्य 2010 में शुरू किया गया था। अनुबंध के अनुसार यह कार्य 14 फरवरी, 2013तक पूरा करना था, परंतु यह अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। यह कार्य बी.ओ.टी. परियोजना के अंतर्गत कराया जा रहा है जिसका अनुबंध 25 वर्ष है।

पिटोल से अहमदाबाद तक ये रोड लगभग पूरा हो चुका है और सी.सी. रोड भी चालू है, परंतु मध्य प्रदेश की सीमा में इंदौर से पिटोल तक ये काम अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है। बार-बार काम शुरू होने के बाद रोक दिया जाता है, फिर नई समय सीमा दी जाती है।

मेरी लोकसभा तथा आसपास का पूरा क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र है। इस रोड निर्माण में देरी होने के कारण क्षेत्र की जनता को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मैं ये मांग करती हूं कि जल्द से जल्द इस काम में आ रही अड़चनों को दूर किया जाये जिससे क्षेत्र की जनता को यातायात में हो रही परेशानी से मुक्त किया जा सके।